दिनांकः 07.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेशभर में आज होंगे पौधरोपण कार्यक्रम–दूदू के गाड़ोता में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे शिरकत।
- हरियाली तीज का पर्व मनाया जा रहा है परम्परागत श्रद्धाभाव और उल्लास के साथ–जयपुर में शाही लवाजमे के साथ निकलेगी तीज माता की सवारी।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हो रही भारी बारिश के बाद उपजे हालात का जायजा लेने के लिए प्रशासनिक अधिकारी कर रहे हैं दौरा।
- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस आज–नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हथकरघा बुनकरों को करेंगे पुरस्कृत।

.....................

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेश में आज एक साथ लाखों पौधे लगाये जाएंगे। अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम दूदू जिले के गाडोता में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और दिया कुमारी, वन मंत्री संजय शर्मा, संसदीय कार्य और जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल तथा अन्य जनप्रतिनिधि और कई अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की 15 हैक्टेयर भूमि पर करीब 10 हजार पौधे लगाये जाएंगे। महोत्सव के दौरान अमृता देवी वृक्ष मित्र पुरस्कार भी दिया जाएगा। जिलों के प्रभारी मंत्री भी अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में पौधारोपण करेंगे।

.....................

प्रदेशभर में आज हरियाली तीज परम्परागत श्रद्धाभाव और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर घरों में पकवान बनाए जा रहे हैं। महिलाएं लहरिया पहनकर विशेष श्रंगार कर रही हैं। घेवर और मिठाई की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। राजधानी जयपुर में आज तीज माता की पारम्परिक सवारी निकाली जाएगी। शाही लवाजमे के साथ निकाली जाने वाली ये सवारी विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगी। कल बूढ़ी तीज की सवारी निकाली जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किये हैं।

.....................

भरतपुर के बांके बिहारी, मदनमोहन मंदिर सहित करीब दो सौ मंदिरों में हिंडोले सजाए गए हैं। सवाईमाधोपुर में परम्परागत तीज माता की सवारी शहर स्थित दबाव खाने से निकाली जाएगी। कोटा में हाट रोड पर तीज मेला भरेगा। उमरावमल पुरोहित सभागार से तीज माता की सवारी निकलेगी। इस दौरान लोक कलाकार रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे।

.....................

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेशवासियों से हरियाली तीज के अवसर पर आज वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने और पौधे लगाने का आह्वान किया है। श्री दिलावर ने बताया कि आज प्रदेश में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत अमृत पर्यावरण महोत्सव–एक पेड़ देश के नाम अभियान आयोजित किया जायेगा। जिसमें शिक्षा विभाग के कर्मचारी, अधिकारी, शिक्षक और छात्र–छात्राएं मिलकर वृक्षारोपण करेंगे। पौधे लगाने के बाद पौधों की फोटो जियोटैगिंग के साथ ऐप पर अपलोड करनी होगी। सभी पौधों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि वृक्ष प्रेमियों को ऐप के माध्यम से प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे। इस अभियान के लिए सभी जिलों में कंट्रोल रूम बनाये गए हैं। प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम सभी नियंत्रण कक्षों से समन्वय बनाए हुए है।

.....................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए काम करने को कहा है। श्री बागडे कल राजभवन के अधिकारियों की विशेष बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को जनजातीय क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत खर्च की जाने वाली राशि का हिसाब रखने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने कमजोर और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए लागू योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आह्वान किया।
उन्होंने जनजाति क्षेत्रों में वर्षा जल संरक्षण के लिए भी विशेष काम करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने उच्च शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता पर खास ध्यान देने की बात कही। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में नेक की तैयारी और रैंकिंग वृद्धि की राजभवन स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों द्वारा गांव गोद लेकर उनके विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी विशेष रूप से समीक्षा की।

......................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हो रही भारी बारिश के बाद उपजे हालातों का जायजा लेने के लिए प्रशासनिक अधिकारी दौरा कर रहे हैं। जैसलमेर में बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का जिला कलेक्टर प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने विस्तृत जायजा लिया और राहत पहुंचाने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने राजस्व, पंचायत और पुलिस विभागों को संयुक्त रूप से कार्य करने को कहा। अधिकारियों ने जिलेवासियों से एहतियात बरतने की भी अपील की। केकड़ी में जिला कलेक्टर श्वेता चौहान और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने टोडारायसिंह की मेहरु ग्राम पंचायत में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने पानी में डूबी हुई। पुलिया से लोगों को वाहन नहीं ले जाने की अपील की। पाली में कलेक्टर और अन्य अधिकारियों ने भी प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया।
बारिश का दौर आज भी कई स्थानों पर जारी है। राजधानी जयपुर में पिछले तीन दिनों से रुक–रुक कर रिमझिम बारिश हो रही है। शाहपुरा जिले में लगातार हो रही बारिश से जलाशयों का जलस्तर बढ रहा है। धानेश्वार तीर्थ स्थित एनीकट पर चादर चलने से यहां बडी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। फलौदी जिले से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित है।

......................

जालौर, टोंक, सवाईमाधोपुर, भीलवाडा और चूरू में भी रिमझिम बरसात का दौर जारी है। धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा है। बालोतरा जिले में लूणी नदी में पानी की आवक हो रही है। ये पानी जिले के समदड़ी और कीटनोद होता हुआ बालोतरा के नजदीक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज जयपुर और सवाईमाधोपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

......................

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह आज नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हथकरघा बुनकरों को संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति एक कॉफी टेबल पुस्तक ''परंपरा– भारत की हथकरघा परंपराओं में स्थिरता'' का विमोचन करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निर्यातक, डिजाइनर और देशभर के एक हजार से अधिक बुनकर शामिल होंगे।
इस दौरान देश भर में विभिन्न समारोह आयोजित किये जाएंगे। इस समारोह का उद्देश्य हथकरघा क्षेत्र के महत्व और देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में इसके योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

......................

और खबरें पेरिस ओलम्पिक की –
भारत की विनेश फोगाट महिला कुश्ती के 50 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में क्यूबा की युस्नेलिस गुज़मैन लोपेज को पांच–शून्य से हराया। कुश्ती में ओलम्पिक के फाइनल में पहुंचने वाली वे पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इससे ओलम्पिक में भारत का एक और पदक पक्का हो गया है। विनेश का आज अमरीका की सारा एन हिल्डेब्रांट से स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला होगा। वहीं भाला फेंक स्पर्धा में नीरज चोपड़ा क्वालीफिकेशन राउंड के पहले ही प्रयास में 89 दशमलव तीन चार मीटर का मॉनस्टर थ्रो करते हुए फाइनल में पहुंच गए हैं। वे अपना फाइनल

मुकाबला कल खेलेंगे। उधर, भारतीय पुरुष हॉकी टीम कल सेमीफाइनल मुकाबले में जर्मनी से दो–तीन से हार गई। अब भारतीय टीम कांस्य पदक के लिए स्पेन से खेलेगी।

.....................